सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 142 | इंदौर, शनिवार 07 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## केंद्र सरकार ने एमपी में 11 केंद्रीय विद्यालय को मंजूरी

### सीएम ने पीएम नरेंद्र मोदी का माना आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रि-मंडलीय समिति ने 85 केन्द्रीय विद्यालय (केवी) स्थापित करने को मंजूरी दी है। इसमें 11 केन्द्रीय विद्यालय मध्यप्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के लिये 11 केन्द्रीय विद्यालय की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दी गई यह सौगात मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाई देगी।



मध्यप्रदेश को मिले 11 केन्द्रीय विद्यालयों में अशोक नगर जिला अशोक नगर , नागदा जिला उज्जैन, मैहर जिला सतना, तिरोड़ी जिला बालाघाट, बरघाट जिला सिवनी, निवाड़ी जिला निवाड़ी, खजुराहो जिला छतरपुर, झिनझारी जिला कटनी, सबलगढ़ जिला मुरैना, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ और सेन्ट्रल अकादमी पुलिस अकादमी कान्हासैया जिला भोपाल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनुसार सभी केन्द्रीय विद्यालयों को पीएमश्री स्कूल के रूप में नामित किया गया है, जो एनईपी-2020 के कार्यान्वयन को रेखांकित करता है और अन्य के लिए अनुकरणीय स्कूल के रूप में कार्य करता है। केन्द्रीय विद्यालय अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अभिवन शिक्षण पद्धति और अद्यतन अवसंरचना के कारण उन स्कूलों में से एक है, जिनकी सबसे अधिक मांग है। हर साल केवी के कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और सीबीएसई द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में केन्द्रीय विद्यालयों के छात्रों का प्रदर्शन सभी शैक्षणिक प्रणालियों में लगातार सर्वश्रेष्ठ रहा है।

## पूर्व गृहमंत्री भारत सिंह का निधन

### 80 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेंसी)। कांग्रेस के कद्दावर नेता व प्रदेश के पूर्व गृह एवं उद्योग मंत्री भारत सिंह का आज (शुक्रवार) सुबह 80 साल की उम्र में जावरा में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रतलाम में भर्ती थे। उनका जन्म 8 जून 1944 हुआ था।**

भारत सिंह कांग्रेस के तत्कालीन सीएम अर्जुन सिंह के कार्यकाल में मंत्री रहे थे। अंतिम यात्रा शनिवार को उनके निवास स्थान गढ़ी से सुबह 10.30 बजे ईदगाह के पीछे पारिवारिक मुक्तिधाम में जाएगी। तब तक पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।

### एक साथ 7 विभागों के रहे थे मंत्री

भारत सिंह एक साथ 7 विभागों के एक साथ मंत्री भी रह चुके हैं। वर्ष 1981 से 90 के दौर में जब मंत्री रहे तो शासन से लेकर प्रशासन में इनकी कार्यकुशलता व ईमानदार नेतृत्व का हर कोई कायल था। सीनियर नेता कभी इनकी बात नहीं काटते। पार्टी में केंद्रीय नेतृत्व तक अच्छी साख रखने वाले भारत सिंह जमीनी साथियों को भी बराबर महत्व देते रहे।

## खरगोन के सियाराम बाबा की हालत स्थिर, आश्रम पहुंचे भक्त कर रहे जाप

**इंदौर।** खरगोन के समीप नर्मदा तट किनारे भट्यान गांव के आश्रम में रहने वाले संत सियाराम बाबा की हालत स्थिर है। गत दिनों वे निमोनिया से पीड़ित होने के बाद अस्पताल में भर्ती थे। छह दिन पहले ही अस्पताल से उनकी छुट्टी हो गई और वे फिर से भक्तों से मुलाकात करने लगे थे, लेकिन दो दिन से फिर उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में भक्त आश्रम पहुंच रहे है और खिड़की से उनके दर्शन कर रहे है। आश्रम में भक्त बाबा के लिए जाप भी कर रहे है।

सियाराम बाबा को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था, डाक्टर उन्हें डिस्चार्ज करने के पक्ष में नहीं थे,लेकिन बाबा के आश्रम जाने की जिद के कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डाक्टरों को उनके स्वास्थ्य पर नजर रखने और चेकअप के निर्देश दिए हुए थे। डाक्टरों की टीम शनिवार को भी आश्रम में पहुंच गई।

संत सियाराम बाबा को गत दिनों निमोनिया की शिकायत होने के बाद सनावद के अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें काफी कमजोरी आ गई थी। तबीयत खराब होने के कारण संत के अनुयायी भी अस्पताल में पहुंचे थे। शुक्रवार सुबह जब भक्तों का बाबा की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में भक्तों के आश्रम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्त आश्रम के बाहर बैठकर भजन गाते नजर आ रहे है या जाप कर रहे है।

## दलित महिला की गोली मारकर हत्या

### 5 गाड़ियों से आए 30 हमलावर; परिजन ने किया चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गरोठ,(एजेंसी)। मंदसौर में 5 गाड़ियों में सवार होकर आए करीब 30 लोगों ने एक दलित परिवार पर हमला बोल दिया। इधर दौरान फायरिंग में परिवार की एक महिला की मौत हो गई। जबकि 3 लोग घायल हो गए। इधर, घटना से गुस्साए लोगों ने शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजन ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।**

ये घटना जिले के गरोठ थाना क्षेत्र ढाकनी गांव में शुक्रवार सुबह करीब 9.30 से 10 बजे के बीच की है। विवाद सरकारी जमीन पर गाय बांधने को लेकर हुआ था। बताया जा रहा है कि दलित परिवार यहां गाय बांधता है, जिस पर गांव के ही कुछ लोगों को आपत्ति है। आरोपी बंदूक, तलवार और लाठी-डंडे लेकर आए थे।

### महिला के पति के भी हाथ में गोली लगी

फायरिंग में मारी गई महिला का नाम सुगना बाई था। सुगना के बेटे सुखदेव और पति बलराम ने बताया कि गांव के



नरेंद्र सिंह और उसके पिता ने हमला कराया है। बलराम के हाथ में भी गोली लगी है। उन्हें मंदसौर रेफर कर दिया गया है। बाकी 2 घायलों को गरोठ के अस्पताल लाया गया। अस्पताल में काफी भीड़ जमा हो गई। एएसपी हेमलता कुरील भी अस्पताल पहुंचीं।

### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

हत्या की इस वारदात के बाद गुस्साए परिजन और समाज के लोगों ने शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजन ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने गरोठ नगर के बोलिया, शामगढ़, भानपुरा और खड़ावदा रोड जाम कर दिया। फिलहाल स्थिति को देखते हुए शामगढ़, भानपुरा और सुवासरा समेत अन्य थानों का पुलिस बल यहां तैनात किया गया है। एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में हमलावरों के नाम अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, जेलर सिंह, प्रताप सिंह पता चले हैं। सभी की तलाश की जा रही है।

### कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

मंदसौर के गरोठ की इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की।

# स्वच्छता नियम का उल्लंघन करने पर सख्ती

## नवंबर में निगम ने चालान बनाकर वसूले 32 लाख रु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा नवंबर के महीने में स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने पर नागरिकों के चालान बनाकर उनसे 32 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। इस अवधि में निगम के द्वारा 5200 लोगों के चालान बनाए गए। निगम के 22 जोनल कार्यालय में चालान बनाकर सबसे ज्यादा 3.82 लाख रुपए की वसूली नेहरू स्टेडियम जोनल कार्यालय के द्वारा की गई है।**

नगर निगम के आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि नगर निगम के द्वारा स्वच्छता के नियमों का पालन सख्ती के साथ करवाया जा रहा है। जहां भी कोई इन नियमों का उल्लंघन करता हुआ नजर आता है तो निगम की टीम के द्वारा संबंधित व्यक्ति अथवा संस्थान का चालान बनाकर उनसे जुमार्न की राशि वसूल की जाती है। इसके साथ ही संबंधित जनों को चेतावनी भी दी जाती है कि आगे से नियमों का उल्लंघन किया तो और ज्यादा चालान की राशि जमा करना होगी।

स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने का अभियान जारी वर्मा ने बताया कि नवंबर के महीने के दौरान नगर निगम के द्वारा स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने के कारण 5200 चालान बनाए गए हैं। इस चालान से जुमार्ने के रूप में नगर निगम के द्वारा 32 लाख रुपए की राशि की वसूली की गई है। इसमें सबसे ज्यादा राशि 3.82 लाख रुपए नेहरू स्टेडियम जोनल कार्यालय के क्षेत्र में चालान बनाकर वसूल की गई। इसके अलावा जोनल कार्यालय क्रमांक 13 से 3.08 लाख रुपए एवं जोनल कार्यालय क्रमांक 18 से 2.92 लाख रुपए की राशि वसूल की गई ।

### तीसरे स्थान पर जोन क्रमांक 8 रहा

अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि सबसे ज्यादा चालान जोन क्रमांक 18 में 381 बनाए गए जबकि दूसरे नंबर पर जोन क्रमांक 11 में 374 चालान बनाए गए । तीसरे स्थान पर जोन क्रमांक 8 रहा । वहां पर 340 चालान बनाए गए ।

## नई लिफ्ट और छत पर खेल संकुल के शुभारंभ के बीच मना अग्रसेन विद्यालय का वार्षिकोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। स्नेह नगर स्थित श्री अग्रसेन विद्यालय का 34वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन समाजसेवी एवं पाथ इंडिया महू के प्रबंध संचालक नितिन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान, विद्यालय भवन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नई लिफ्ट के शुभारंभ तथा भवन की छत पर 30 हजार वर्गफुट पर निर्मित खेल संकुल के उद्घाटन के साथ सौल्लास संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम मंत्रोच्चार के सामूहिक उदघोष के साथ हुआ। प्रारंभ में अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रसनिधि कुमार गुप्ता, सचिव विजय नारायण मित्तल, प्राचार्य श्रीमती मृदुला पाटनी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता एवं ट्रस्ट सचिव महेश कुमार सांघी ने मुख्य अतिथि अग्रवाल का स्वागत किया। अध्यक्ष गुप्ता ने स्वागत उदबोधन के साथ विद्यालय की प्रगति का विवरण दिया। प्राचार्य श्रीमती पाटनी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल ने स्कूल के प्रतिभावान एवं प्रावीण्य सूची में आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। स्कूल के बच्चों ने आर्ट इनीग्रेशन के महत्व को दर्शाते हुए हमेरी पाठ्य पुस्तकह भी पर रंगारंग और प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध बनाए रखा। सहसचिव उमाकांत गर्ग ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। आभार माना विजय नारायण मित्तल एवं महेश सांघी ने ।

# रबी सीजन: अस्थाई बिजली कनेक्शन देकर 81 हजार किसानों की मदद

### जलस्त्रोत दूर होने या थस्थाई बिजली सेवा नहीं होने पर दिया जा रहा अस्थाई कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गेंहू, चने, मटर व अन्य सहयोगी फसलों का समय यानि रबी सीजन में मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की ओर से किसानों की हरसंभव मदद की जा रही हैं। मालवा और निमाड़ के साढ़े 14 लाख किसानों को प्रतिदिन दस घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं जिन दूर दराज के जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए स्थाई बिजली कनेक्शन नही है, उन्हें अस्थाई कनेक्शन प्रदान दिए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक रबी सीजन में 81 हजार किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि मालवा निमाड़ कृषि प्रधान इलाका हैं, इसलिए बिजली कंपनी के लिए रबी सीजन बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के आदेशानुसार कंपनी रबी सीजन में किसानों को दस घंटे दैनिक बिजली आपूर्ति कर रही है। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि जिन किसानों के पास स्थाई कनेक्शन नहीं है, उन्हें अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए जा रहे है, ताकि वे विधिवत कनेक्शन के माध्यम से सिंचाई कर पाए, फसल उत्पादन में अपनी भूमिका निभाएं। अब तक लगभग 81 हजार किसानों को स्थाई कनेक्शन दिए गए है, ताकि रबी सीजन में वे वैकल्पिक जलस्त्रोत से सिंचाई कार्य कर सके। तीन हार्स पावर की मोटर के लिए चार माह के सिंचाई कार्य के अस्थाई कनेक्शन के मात्र 7042 रूपए ही लिए जा रहे है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि स्थाई कनेक्शन मौजूदा कनेक्शन से दूर अन्य जलस्त्रोत, नदी, तालाब से पानी लाने के लिए या स्थाई कनेक्शन नहीं होने पर दिया जा रहा है। इंदौर ग्रामीण सर्कल में इस तरह के अस्थाई कनेक्शन 4700 हो चुके हैं। खंडवा में 8500, धार में 6500, झाबुआ सर्कल में 9000, उज्जैन में 9700, रतलाम में 5600, देवास में 7050, खरगोन में 4000, शाजापुर में 4500, मंदसौर में 8100, बड़वानी 3200, बुरहानपुर 4500 , नीमच में 3400, आगर में 2725 किसानों को रबी की सिंचाई कार्य के लिए अस्थाई कनेक्शन नियमानुसार दिए गए है। किसानों के लिए अस्थाई बिजली कनेक्शन देने का यह महत्वपूर्ण कार्य अब भी जारी है।

### कम राशि में भी ली जा सकती हैं फसल

किसानों को स्थाई कनेक्शन के लिए अपेक्षाकृत ज्यादा राशि चुकाना होती है, क्यों कि यह कार्य वर्षभर की बिजली आपूर्ति एवं स्थाई संसाधनों के लिए होता हैं। सिर्फ चार माह तक के लिए अस्थाई कनेक्शन लेने के लिए देय योग्य राशि अपेक्षाकृत काफी कम होती है, इस तरह कम राशि चुकाकर, विधिवत अस्थाई बिजली लेकर रबी फसल आसानी से ली जा सकती है। बिजली कंपनी के लिए भी अस्थाई कनेक्शन चोरी रोकने में मदद, राजस्व प्राप्ति और सही लोड की गणना के हिसाब से बहुत कारगर साबित होते हैं।

# तीर्थयात्रियों के लिए चलेगी महाकुंभ पुण्य यात्रा ट्रेन

## 21 जनवरी .2025 को इंदौर से महाकुम्भ पुण्य यात्रा के लिए रवाना होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी 21 जनवरी .2025 को इंदौर शहर से महाकुम्भ पुण्य यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रैन मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, रानी कमलापति एवं इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होते हुए जाएगी। यह गाड़ी 5 रातों और 6 दिनों की इस यात्रा में प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

### तमाम व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेगी

इसके लिए यात्रियों को 19,950 रुपए प्रति व्यक्ति (इकॉनामी श्रेणी) और 27,700 रुपए प्रति व्यक्ति (स्टैंडर्ड श्रेणी) देना होगा। इस यात्रा में ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सडक परिवहन और बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवाएं शामिल हैं। भोपाल से महाकुम्भ पुण्य यात्रा के लिए रवाना होगी।

### आईआरसीटीसी टेंट सिटी की बूकिंग

आईआरसीटीसी पोर्टल पर अलग से महाकुंभ प्रयागराज में आईआरसीटीसी टेंट सिटी की बूकिंग भी की जा रही है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है

## 67वां अ.भा. गीता जयंती महोत्सव कल से

# पीड़ित मानवता की सेवा करने वाले पांच प्रमुख दानदाताओं का होगा सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गीता भवन पर 67वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ नवश्रृंगारित परिसर में रविवार, 8 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे वैदिक मंगलाचरण एवं शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलन के साथ होगा। जगदगुरु शंकराचार्य, पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य, जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज की अध्यक्षता में इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। गीता जयंती का मुख्य महापर्व बुधवार 11 दिसम्बर को गीताजी के सामूहिक पाठ के साथ मोक्षदा एकादशी को मनाया जाएगा। संत विद्वानों के प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5.30 बजे तक होंगे।

इनका होगा सम्मान - शहर के पांच प्रमुख दानदाताओं और पीड़ित मानवता के प्रति सेवाभावी बंधुओं का सम्मान भी शुभारंभ प्रसंग पर किया जाएगा। इनमें वरिष्ठ समाजसेवी विनोदजी अग्रवाल, टीकमचंदजी गर्ग और राजेशजी गर्ग, प्रेमचंदजी गोयल एवं अन्नपूर्णा क्षेत्र के द्रविड़ नगर में 2400 वर्गफुट का अपना मकान गीता भवन ट्रस्ट को दान करने वाली मातुश्री मानकुंवर देवी भराणी का सम्मान भी किया जाएगा। गीता जयंती के साथ ही सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ भी 8 से 14 दिसम्बर तक आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में प्रतिदिन सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक होगा। इस बार भी ट्रस्ट मंडल द्वारा गीता जयंती महोत्सव को सनातन धर्म एवं संस्कृति के लिए समर्पित रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु सनातन धर्म के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए संतों की साक्षी में एक-एक संकल्प लेंगे। बांग्लादेश में हो रही हिंसा के विरोध एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-मंथन होगा। विद्वान आएंगे -गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं कोषाध्यक्ष मनोहर बाहेती ने आज पत्रकारों को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 67वें गीता जयंती महोत्सव में देश के प्रख्यात संत-विद्वानों के आगमन का क्रम शुरू हो गया है।

न्यासी मंडल के महेशचंद्र शास्त्री, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया के अनुसार महोत्सव में 50 से अधिक संत एवं विद्वान इस महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 1 से 5.30 बजे तक सत्संग सत्र में अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।

## तुम मिले दिल खिले - मीटिंग आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप इंदौर की मेंबर्स मिली और एक दूसरे का साथ निभाने के लिए एक दूसरे को शुक्रिया किया सभी मेंबर्स ने ग्रुप की प्रेसिडेंट डॉ रजनी भंडारी का स्वागत और अभिनंदन किया , २७ ११,२४ को ग्रुप का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज किया गया है संयोजक पूर्णिमा राउत और फिरदौस नाहिद थी आशा जाकर ने सुंदर कविता पढ़ी फिरदौस नाहिद ने खुबरूरत शेरो शायरी के माध्यम से संचालन किया पूर्णिमा राउत के मनोराजक खेल खिलाए विजेता रही पुष्पा गोयल पुष्पलता कंसल सुषमा मलिक और मीना शाह लकी सदस्या रही पुष्पा अग्रवाल कांता अग्रवाल सीमा कोटेस्थाने ने भी अपने विचारो को व्यक्त किया।

# पातालपानी में पर्यटकों को लूटने वाले 9 गिरफ्तार

## आरोपियों में 6 नाबालिग, मोबाइल, हथियार और बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पातालपानी में पर्यटकों को लूटने वाले 9 सदस्यीय गिरोह को बड़गोंदा पुलिस ने पकड़ लिया है। इनमें 6 नाबालिग आरोपी हैं। यह गिरोह पर्यटकों को लूटने के लिए रेलवे सुरंग के पास घात लगाकर बैठता था। पुलिस ने गिरोह के पास से कई मोबाइल फोन, हथियार और बाइक बरामद की हैं।**

पातालपानी में कुछ समय से पर्यटकों से लूटपाट की घटनाएं बढ़ गई थीं। पर्यटक रेलवे सुरंग के पास से गुजरते समय इस गिरोह के चंगुल में फंस जाते थे। गिरोह के सदस्य पर्यटकों को धमकाकर उनसे नकदी और मोबाइल फोन लूट लेते थे। पुलिस ने इस मामले में एक विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम ने लगातार छापेमारी कर गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की।




एसपी हितिका वासल ने बताया कि गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पर्यटकों से अपील की है कि वे अकेले रात के समय अजनबियों से बातचीत न करें और संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस को सूचित करें।

**धार जिले के नालछा के रहने वाले हैं आरोपी-** पुलिस के मुताबिक, 3 बालिग आरोपियों के नाम सुरेन्द्र सिंह कटारे (21), राहुल सिंह मेसकरे (21) और लखन भाभर (19) हैं। तीनों आरोपी धार जिले के नालछा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सुरेन्द्र कटारे मोबाइल तकनीशियन है, जो कि लूट के मोबाइल फोनों का लॉक तोडऩे का काम करता था, जबकि अन्य आरोपी राहुल व लखन रेकी कर अन्य लोगों के मूवमेंट पर नजर रखते थे। वहीं नाबालिग आरोपियों ने अपने उपयोग के लिए मोबाइल लूटना बताया है।

# सवा लाख का गांजा बरामद, दो पकड़ाए

**इंदौर। किशनगंज पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन में लिप्त एक युवक और एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 1,25,000 रुपए बताई जा रही है।**



ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एबी रोड हाईवे सर्विस रोड विश्वास नगर में घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुनील पिता दिनेश सोनी (19 वर्ष, निवासी फंफुद, थाना मानपुर) और एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो गांजा और एक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला से अश्लील हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में आरोपी ने विवाहिता के साथ अश्लील हरकत कर दी। आरोपी यह कहकर उसे धमकाता रहा कि उसे अपनी पत्नी बनाकर रखेगा। उसने गर में घुसने की भी कोशिश की। थाना बाणगंगा पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर आरोपी विजय केवट निवासी अंजनी नगर के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी आए दिन उसे अश्लील इशारे करता है। बीती शाम वह अपने घर के मेन गेट पर ताला लगा रही थी तभी आरोपी वहां पर पहुंचा और उससे हरकत की। उसने गेट पर भी लात मारी। विरोध किया तो आरोपी गालियां देने लगा और कहने लगा कि उसका मकान तक बिकवा देगा।

# युवक का दो दिन पुराना शव कमरे में मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र की कैलाश कालोनी में एक युवक का शव उसके कमरे से मिला है। शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। सेक्टर एक थाने के प्रधान आरक्षक मनजीत सिंह ने मामले की जानकारी देते हुवे बताया कि कैलाश कालोनी के निवासियों द्वारा थाने पर तीन बजे करीब सूचना दी गई कि कैलाश कालोनी में किराए से रहने वाले एक युवक का शव उसके कमरे में पड़ा है।**




मृतक का नाम राज पिता चंदन खोड़े, निवासी सुभाष नगर रतलाम, हाल मुकाम कैलाश कॉलोनी संजू तिवारी के मकान में,पेंटिंग का कार्य करता था। पड़ोसी ने सूचना दी कुछ दिन से वो बाहर दिखाई नहीं देने पर खिड़की खोल कर देखा तो युवक पड़ा हुआ था। प्रथम दृष्टिया मामला साइलेंट अटैक का प्रतीत हो रहा है जांच जारी है।

पुलिस ने शव का पंचनामा बना कर शव पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। जहां मृतक के परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्ट मार्टम किया जाएगा।

# छात्र से की मारपीट, अपशब्द कहे

### मकान मालिक पर दर्ज कराया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ इलाके में एक छात्र ने अपने मकान मालिक के खिलाफ मारपीट और जातिगत गालियां देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। उसका आरोप है कि रात के समय उसे जबरदस्ती घर से निकाला जा रहा था। उसने विरोध किया तो मारा पीटा गया और गंदी-गंदी गालियां दी गई। उसने अपनी मां से बात करवाई तो मकान मालिक ने उन्हें भी अपशब्द कहे।

पुलिस के अनुसार तनिष्क बोरसे निवासी भोपाल हाल मुकाम पलाश परिसर की शिकायत पर रत्नेश कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी एक सहपाठी का सामान दूसरी जगह शिफ्ट करवा रहा था। इसी दौरान मकान मालिक रत्नेश कुमार सिंह कॉलोनी के गेट पर मिला और गालियां देने लग गए उन्होंने जातिगत शब्द कहकर विवाद किया। जबरदस्ती उसके कमरे में घुसे और सामान भी फेंका। फरियादी का कहना है उसने मकान मालिक के सामने काफी मिन्नतें की उनके सामने गिड़गिड़ाया और कहा कि सुबह मकान खाली कर देगा। लेकिन मकान मालिक ने एक नहीं सुनी। इधर फरियादी ने अपनी मां से भी बात करवाने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें भी गंदी-गंदी गालियां दी है।

## ट्रैक्टर ट्राली चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ थाने में भरत पिता विष्णुप्रसाद पाटीदार निवासी श्रमिक कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। भरत ने पुलिस को बताया कि घटना 1 दिसंबर की दरमियानी रात की है। उसने अपना ट्रैक्टर घर के सामने ही खड़ा किया था। उसमें ट्राली भी लगी थी। ट्रैक्टर ट्राली का इस्तेमाल खेती के अलावा मलबा ढोने में भी किया जा रहा था। अज्ञात बदमाश रात के समय ट्रैक्टर और ट्राली दोनों ही ले उड़े। थाने में शिकायत की तो उन्होंने ट्रैक्टर ढूंढने की सलाह दी जब नहीं मिला तो रिपोर्ट दर्ज की है।

## पति ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बेटे की तबियत बिगडऩे पर मां ने पति ने उसके इलाज करवाने की बात कही तो वह भडक़ गया और विवाद करने लगा। राऊ पुलिस ने बताया कि आरती राठौर निवासी न्यू नेहरू नगर ने पति तरुण पिता मिश्रीलाल राठौर की शिकायत दर्ज करवाई है। आरती ने पुलिस को बताया कि बेटे रुद्राक्ष की तबियत खराब हो गई थी। इस बात पर पति ने विवाद कर मारपीट की। आरती ने आरोप लगाया कि पति ने रुद्राक्ष के इलाज का बोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधी नगर में एक नाबालिग लडक़ी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पडोसी उसे हाथ पकडक़र घर के अंदर ले गया और उसके साथ हरकत की। बाद में मां के आने पर उसने पूरी बात बताई। इस पर थाने जाकर परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई है। गांधी नगर पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में विक्रम पर केस दर्ज किया है। पीडिता को उसकी मां थाने लेकर पहुंची। यहां बताया कि वह कंपनी से काम करके घर आई, तो बेटी ने बताया कि वह शाम को करीब साढे चार बजे के लगभग भाई के साथ खेल रही थी। तभी विक्रम आया और उसे हाथ पक ?कर घर में ले गया। यहां पर अश्लील हरकत की। इस दौरान भाई अंदर आया तो आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। रात को ब'ची ने माता-पिता को पूरी बात बताई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## पड़ोसन को किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आपसी पुराने विवाद को लेकर दंपत्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला पर हमलाकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसकी लात घूसों से पिटाई की। थाना राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी संध्या परमार निवासी कुंदन नगर की शिकायत पर आरोपी गोपाल,उसकी पत्नी नमिता और बहू पूजा के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे से पड़ोसी आरोपी रंजिश रखते हैं। इसी को लेकर दोनों पक्ष में लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है। आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते गालियां देना शुरू कर दिया था जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीटा और धमकी दी कि उसके बेटे ने आइंदा कोई हरकत की तो जान से मार देंगें।

# 11वीं की छात्रा से गैंगरेप, पीड़िता ने किया सुसाइड

## पिता बोले- चार छात्रों ने गलत काम किया वीडियो बनाया; ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह,(एजेंसी)। दमोह में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गुरुवार शाम को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। छात्रा के पिता का आरोप है कि स्कूल के चार छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो बनाया। आरोपी बेटी को ब्लैकमेल कर रहे थे।**

मामला पथरिया थाना क्षेत्र का है। 17 वर्षीय छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रवि सेन और राकेश पटेल के खिलाफ पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### पीड़िता ने मां को बताया तो वह डर गई

गैंगरेप की ये वारदात सोमवार की है। मंगलवार शाम को पीड़िता ने मां को जब इस घटना के बारे में बताया तो वह डर गई थी। उन्होंने पति से इस बारे में कोई बात नहीं की। छात्रा बुधवार को स्कूल गई। गुरुवार को जब वह स्कूल नहीं गई तो पिता ने इस बारे में पत्नी से पूछा। तब जाकर पिता को इस घटना के बारे में पता चला। गुरुवार को वह खेत से वापस आने के बाद शिकायत करने जाने वाले थे। लेकिन उनके घर एक रिश्तेदार आ गए। छात्रा की मां उनके लिए चाय बनाने चली गई। इस बीच पीड़िता ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

छात्रा के पिता ने कहा कि आरोपी मेरी बेटी को ब्लैकमेल कर रहे थे। इसलिए उसने आत्महत्या कर ली। गुरुवार को वह स्कूल नहीं गई। मैंने इस बारे में पत्नी से पूछा तो उसने मुझे बताया कि 2 दिन पहले यानी सोमवार को स्कूल के ही दो छात्र लंच टाइम के बाद बेटी को अपने साथ पहाड़ी पर ले गए थे। उनके साथ वहां पर दो छात्र और थे। उन लोगों ने मिलकर बेटी के साथ गैंगरेप किया और वीडियो भी बनाया है।

### खेत से लौटा तो बेटी फंदे पर लटकी मिली

पीड़िता के पिता ने बताया कि गुरुवार को सोचा था कि पुलिस थाने जाकर शिकायत करूंगा। इसी दौरान शाम को मैं खेत चला गया। जब वापस आया तो देखा कि कुछ रिश्तेदार घर पर बैठे हुए थे। बेटी कमरे में फंदे पर लटकी थी।

पथरिया थाना प्रभारी सुधीर बेगी का कहना है कि परिजनों से आवेदन लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मामला काफी गंभीर है। मैंने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि उनके साथ न्याय होगा, जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपी रवि सेन और राकेश पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सिंहस्थ में संत-महंत व श्रद्धालुओं का स्नान शिप्रा के जल से ही होगा

## प्रदेश की सबसे अलग अनोखी कान्ह डायवर्शन व अन्य एकीकृत परियोजनाओं से शिप्रा होगी प्रवाहमान - डॉ.यादव

◆ मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सिंहस्थ-2028 की जलापूर्ति कार्य योजना व प्रगति की समीक्षा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में सिंहस्थ-2028 की जलापूर्ति की कार्य योजना व प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में शिप्रा नदी को स्वच्छ,अविरल,प्रवाहमान बनाने के साथ जिले में पेयजल उपलब्ध कराने की कार्य योजना व कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में संत,महंत व श्रद्धालुओं को शिप्रा के जल से ही स्नान कराएंगे,इसके लिए कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी मध्यम परियोजना व हरियाखेड़ी परियोजना कार्य पूर्ण होने पर एकीकृत रूप से कार्य करेंगी। आपने कहा कि इन परियोजनाओं से 3 लक्ष्यों को एक साथ प्राप्त किया जाएगा। परियोजनाओं से शिप्रा स्वच्छ व प्रवाहमान होगी तथा इससे जिले को पेयजल भी निरंतर उपलब्ध होता रहेगा। यह देश-प्रदेश की पहली ऐसी योजना है,उक्त परियोजनाओं के बारे में केन्द्र सरकार को भी अवगत कराया जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उक्त एकीकृत परियोजनाओं की कार्ययोजना 2055 तक की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए बनाई गई है। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के माध्यम से कान्ह नदी का अस्वच्छ पानी को ट्रीटमेंट कर स्वच्छ पानी गंभीर डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी बैराज से शिप्रा में जल की आपूर्ति निरंतर होती रहेगी जिससे शिप्रा अविरल व प्रवाहमान रहेगी। हरियाखेड़ी परियोजना त्रिवेणी के अपस्ट्रीम में होने के कारण यहां से शिप्रा नदी का शुद्ध जल प्राप्त होगा जिससे जिले को निरंतर पेयजल प्रदाय किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि कान्ह डायवर्शन क्लॉज डक्ट परियोजना में क्लोज डक्ट 12 कि.मी. लंबी टनल व 18.15 कि.मी.क्लोज डक्ट से शिप्रा नदी को स्वच्छ करने का कार्य कान्ह नदी के पानी को अलग कर किया जाएगा। सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना में बैराज निर्माण,बैलेंसिंग टैंक आदि निर्माण कार्य कर सिलारखेड़ी टैंक से त्रिवेणी घाट पाइप लाइन से ग्रेवेटी के माध्यम से शिप्रा में जल की साल भर उपलब्धता होगी जिससे शिप्रा प्रवाहमान व अविरल रहेगी। हरियाखेड़ी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व बैराज परियोजना से जिले को निर्बाध रूप से पेयजल उपलब्ध निरंतर होता रहेगा।

बैठक में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, संभागायुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा,डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, जनप्रतिनिधि विवेक जोशी, बहादुरसिंह बोरमुण्डला उपस्थित थे।

# बहन की हत्या करने वाले भाई को उम्र कैद

## कुल्हाड़ी मार कर ले ली थी जान, घसीट कर तालाब में फेंक दिया था शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना,(एजेंसी)।** पिछले साल बरौंधा थाना क्षेत्र में हुई नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में अदालत ने मृतका के भाई को उम्र कैद की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सतना ने 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात बरौंधा थाना क्षेत्र के महतैन गांव में हुई 17 वर्षीय नाबालिग लड़की सुनीता वर्मा की हत्या के मामले में मृतका के भाई कमलेश वर्मा पिता रामावतार वर्मा निवासी महतैन को दोषी करार दिया है। अदालत ने अभियुक्त को आईपीसी की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और धारा 201 के तहत 3 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। उस पर ढाई हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है। प्रकरण ने अभियोजन की तरफ से एजीपी सुनील निगम ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार, 14 अक्टूबर को सुनीता का शव गांव के तालाब में पड़ा मिला था। उसकी एक पायल भी गांव के बाहर पड़ी पाई गई थी। पुलिस ने घटना की जांच की तो पता चला कि 13 अक्टूबर की रात मृतका के पिता खेत की रखवाली करने गए हुए थे। इसी दौरान घर से बाहर जाने की मामूली बात पर आरोपी कमलेश और उसकी बहन सुनीता के बीच कहासुनी हुई। नाराज हो कर कमलेश ने अपनी बहन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। उसने शव को घसीट कर गांव के तालाब में फेंक दिया।

# खाना नहीं बनने पर पति ने पत्नी को मार डाला

## तब तक पीटता रहा, जब तक मर नहीं गई, चरित्र पर शक भी करता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, (एजेंसी)। बड़वानी जिले के पाटी थाना क्षेत्र के घवलफलिया वेरवाड़ा में मंगलवार शाम पत्ति ने पत्नी की लट्ठ से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने घटना को एक्सीडेंट बनाने की कोशिश की। लेकिन नाकामयाब रहा।**

थाना प्रभारी रोहित पाटीदार ने बताया कि मृतक बरलीबाई खरते उम्र 39 वर्ष की उसके पति रुमालिया ने लठ्ठ मारकर हत्या कर दी। मामले में पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पति को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### खाना नहीं बना तो हुआ था विवाद

उन्होंने बताया कि आरोपी रुमालिया का पत्नी बरलीबाई से मंगलवार शाम को देरी से खाना बनाने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपी ने घर में रखे लट्ठ से बरलीबाई की पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान शरीर पर गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के पुत्र निलेश खरते निवासी घवलफलिया वेरवाड़ा ने अपने परिजनों व सरपंच के साथ थाने पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### चरित्र को लेकर पत्नी पर करता था शंका

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, आरोपी रुमालिया उसकी पली बरलीबाई पर चरित्र शंका करता था। उसने इसको लेकर कई बार पहले भी मारपीट की थी। मंगलवार को भी खाना देरी से बनाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में लट्ठ से मारपीट कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी रुमालिया के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# कारोबारी दंपती 16 घंटे रहे डिजिटल अरेस्ट

## सूचना पर रात 1.30 बजे पुलिस ने कराया मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में एक कारोबारी दंपती को 16 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर कैद रखने का मामला सामने आया है। ठगों ने सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल किया। बताया कि आपकी पत्नी के मोबाइल नंबर का मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर फ्रॉड में यूज हुआ है। इसके बाद वॉट्सऐप पर गिरफ्तारी वारंट और नोटिस भी भेजा गया। कारोबारी दंपति इतना डर गए थे कि उन्होंने अपने नाबालिग बेटे को रिश्तेदार के घर रहने भेज दिया। कहा कि हम अर्जेंट काम से भोपाल जा रहे हैं।**

सुबह से रात भर इतना टॉर्चर किया कि वह शुक्रवार सुबह उनको कैश देने के लिए तैयार हो गए थे। इस बीच उनके रिश्तेदार लगातार कॉल कर रहे थे, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। इंदौर असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मंजीत सिंह ने ग्वालियर कन्ट्रोल रूम कॉल कर कारोबारी के घर देखने के लिए कहा। जब नाइट गश्त पर निकली डीएसपी किरण अहिरवार वहां पहुंची तो रात 1.30 बजे कारोबारी दंपती को मुक्त कराया गया। इस दौरान कारोबारी की रात तीन घंटे ग्वालियर पुलिस ने काउंसलिंग की तब वह सामान्य हुए हैं।

### 7.30 बजे आया कॉल, खुद को बताया अफसर

झांसी रोड स्थित हरिशंकरपुरम निवासी जसपाल आहूजा (51) कारोबारी हैं। उनका ऑटो पार्टस का कारोबार है। वे पत्नी व एक बेटे के साथ रहते हैं। बड़ा बेटा विदेश में है। गुरुवार सुबह 7.30 बजे कारोबारी की पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ऑफिसर बताया। साथ ही कहा कि उनके मोबाइल नंबर साइबर फ्रॉड सहित अन्य गलत काम में इस्तेमाल किया जा रहा है। उनके वाट्सएप पर उइक का एक नोटिस भेजा गया। कुछ देर बाद ळफअक (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के नाम से नोटिस भेजा गया। बताया है कि उनके मोबाइल नंबर का उपयोग साइबर फ्रॉड के साथ ही अन्य अनैतिक गतिविधियों में उपयोग हुआ है।

# भ्रष्टाचार के मामले में मंडी निरीक्षक, सचिव तथा लिपिक को 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** लोकायुक्त से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायालय उज्जैन ने आरोपी संजीव जैन तत्कालीन मंडी निरीक्षक व सचिव तथा राजेश वर्मा लिपिक कृषि उपज मंडी समिति उन्हेल जिला उज्जैन को भ्रष्टाचार से संबंधित प्रकरण में 4-4 वर्ष सश्रम कारावास एवं 7-7 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम उज्जैन द्वारा 5 दिसम्बर 2024 को पारित अपने निर्णय में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त उज्जैन के अपराध क्रं. 27/2019 में आरोपी संजीव जैन तत्कालीन मंडी निरीक्षक व सचिव तथा राजेश वर्मा लिपिक कृषि उपज मंडी समिति उन्हेल जिला उज्जैन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में 4-4 वर्ष सश्रम कारावास एवं 7-7 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित कर भेरूगढ़ जेल भेज दिया गया। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 20 फरवरी .2019 को आवेदक दिनेश जायसवाल निवासी उन्हेल ने विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में पुलिस अधीक्षक से इस आशय की शिकायत की कि, उसने जनवरी 2019 में ऑनलाइन मंडी व्यापारी के रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन किया था, जिसके संबंध में संजीव कुमार जैन मंडी निरीक्षक द्वारा आवेदन की फाइल को अनुमोदन कर आगे बढ़ाने की एवज में उससे 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है।

## संपादकीय

# रेपो दर स्थिर, आर्थिक संकट की जड़ें और गहरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दर में कोई बदलाव न करने का फैसला किया है। यह ग्यारहवीं बार है, जब रेपो दर यथावत रखा गया। यह पिछले वर्ष की फरवरी से साढ़े छह फीसद पर बना हुआ है। इसका बोझ सबसे अधिक घर और वाहन के लिए कर्ज लेने वाले मध्यवित्त वर्ग को उठाना पड़ रहा है। इसलिए वे उम्मीद लगाए हुए थे कि अगर रेपो दर में कमी की जाएगी तो उनके कर्ज पर किस्तें कुछ कम होंगी। मगर महंगाई के ऊपर की तरफ बने हुए रुख दो देखते हुए रिजर्व बैंक ने फिलहाल इसमें किसी तरह का बदलाव करना उचित नहीं समझा। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। जाहिर है, उससे अधिक दर पर वे अपने ग्राहकों को कर्ज देते हैं। पिछले वर्ष रेपो दर में बढ़ोतरी का कुछ असर महंगाई पर देखा भी गया था। मगर इतनी लंबी अवधि का अनुभव यही है कि रेपो दर ऊंची रखने से महंगाई पर कोई बहुत असर नहीं पड़ रहा। बेशक, इसका कारोबार पर असर दिखने लगा है। बैंकों के कारोबार पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को कम करने के मकसद से सीआरआर यानी आरक्षित नगद अनुपात में पचास आधार अंक की कटौती कर दी गई है। सीआरआर यानी जो रकम बैंकों को हमेशा अपने पास आरक्षित रखनी पड़ती है। मगर इससे बैंकों को कितनी मदद मिलेगी, दावा करना मुश्किल है। अब अर्थव्यवस्था की विकास दर में कई विसंगतियां नजर आने लगी हैं। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर सरकार के लिए गंभीर चेतावनी की तरह आई है। ऊपर से महंगाई बेलगाम बनी हुई है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है।

# ब्राह्मणी और तिल के बीज



बहुत समय पहले की बात है किसी गांव में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। एक दिन उस ब्राह्मण के घर कुछ अतिथि आए। ब्राह्मण की स्थिति इतनी खराब थी कि उन अतिथियों को खिलाने के लिए घर में अनाज तक नहीं था। इस स्थिति को लेकर ही ब्राह्मण और उसकी पत्नी के बीच थोड़ी कहासुनी होने लगती है।

ब्राह्मणी कहती है, "तुम्हें पेट भरने योग्य अनाज कमाना भी नहीं आता है। इसी का नतीजा है कि आज घर में अतिथि आ खड़े हुए हैं और हमारे पास उन्हें खिलाने के लिए कुछ भी नहीं है।"

इस पर ब्राह्मण अपनी पत्नी से कहता है, "कल कर्क संक्रान्ति हैं। मैं कल भिक्षा लेने के लिए दूसरे गांव जाऊंगा। वहां एक ब्राह्मण ने मुझे आमंत्रित किया है। वह सूर्य देव की तृप्ति के लिए कुछ दान देना चाहता है। तब तक जो कुछ भी घर में है, उसे आदर सत्कार के साथ अतिथियों के सामने रखो।"

ब्राह्मण की यह बात सुनकर ब्राह्मणी कहती है, "तेरी पत्नी होकर मैंने कभी सुख नहीं भोगा है। न कभी खाने को मेवा-मिष्ठान मिला, न ही ढंग के वस्त्र और आभूषण। आज तू कह रहा है कि जो भी घर में पड़ा हो, वो अतिथियों के समक्ष रख दो। जब कुछ है ही नहीं, तो मैं उनके सामने क्या रख दूं। पड़े हैं, तो बस एक मुट्ठी तिल। तो क्या अतिथियों के सामने सूखे तिल रखना अच्छा लगेगा।"

पत्नी की यह बात सुनकर ब्राह्मण कहता है, "ब्राह्मणी तुम्हे ऐसा बिल्कुल भी नहीं कहना चाहिए। कारण यह है कि इच्छा के अनुसार किसी भी मनुष्य को धन की प्राप्ति नहीं होती है। जरूरी है तो पेट भरना और पेट भरने योग्य अनाज तो मैं ले ही आता हूं। अधिक धन की चाहत अच्छी नहीं। ऐसी इच्छा का तुम्हें त्याग कर देना चाहिए। अधिक धन की इच्छा के चक्कर में मनुष्य के माथे पर शिखा बन जाती है।"

माथे पर शिखा वाली बात सुन ब्राह्मणी बड़े ही आश्चर्य से ब्राह्मण से पूछती हैं, "अधिक धन की इच्छा में माथे पर शिखा हो जाती है। मैं कुछ समझी नहीं, जो भी कहना है खुलकर कहिए।"

ब्राह्मणी के इस सवाल का जवाब देने के लिए ब्राह्मण अपनी पत्नी को "शिकारी और गीदड़ की एक कहानी" सुनाता है।

ब्राह्मण कथा की शुरुआत करता है

एक दिन एक शिकारी जंगल में शिकार की खोज कर रहा था। जंगल में कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद शिकारी को एक काले रंग का पहाड़ जैसा विशाल सूअर दिखाई देता है। सूअर को देखते ही शिकारी अपना धनुष उठा लेता है और कमान खींचते हुए सूअर पर निशाना लगा देता है।

कमान से निकला हुआ तीर तीव्र गति से सूअर को घायल कर देता है। घायल होने पर सूअर चिंघाड़ता हुआ शिकारी पर पलटवार कर देता है। सूअर के तीखे दांतों से शिकारी का पेट फट जाता है। इस तरह शिकार और शिकारी दोनों का ही अंत हो जाता है।

इसी बीच खाने की तलाश में भकता हुआ एक भूखा गीदड़ वहां से होकर गुजरता है, जहां शिकारी और सूअर का शव पड़ा हुआ था। बिना मेहनत इतना सारा भोजन देख गीदड़ मन ही मन बहुत खुश होता है और मन ही मन सोचता है कि आज तो ईश्वर की बड़ी कृपा हुआ, जो इतना अच्छा और अधिक भोजन एक साथ मुझे मिला है। मैं इसे धीरे-धीरे और आराम से खाऊंगा, ताकि लंबे समय तक मैं इसे उपयोग में लाऊंगा। इस तरह मैं इस भोजन के साथ लंबे समय तक अपनी भूख को शांत रख पाऊंगा।

इन सभी बातों पर विचार करते हुए गीदड़ सबसे पहले छोटी-छोटी चीजों को खाना शुरू करता है। तभी उसे शिकारी के मृत शरीर के पास धनुष पड़ा दिखता है। गीदड़ के मन में पहले उसे ही खाने का विचार आता है और वह धनुष पर चढ़ी डोर को चबाने लगता है।

गीदड़ के चबाने से धनुष पर चढ़ी डोर टूट जाती है और डोर के टूटने से धनुष का एक सिरा वेग के साथ गीदड़ के माथे को भेदता हुआ ऊपर निकल आता है। गीदड़ के माथे को भेद कर धनुष का जो सिरा गीदड़ के सिर पर निकल आता है, वह ऐसा प्रतीत होता है मानो गीदड़ के माथे पर शिखा निकल आई हो। घायल होने के कारण कुछ देर बाद गीदड़ की भी मौत हो जाती है।

इतना कहते हुए ब्राह्मण कहता है, "ब्राह्मणी इसीलिए मैं कहता हूं कि जरूरत से अधिक लोभ से माथे पर शिखा आ जाती है।"

यह कथा सुनने के बाद ब्राह्मणी कहती है, "ठीक है अगर ऐसी ही बात है, तो घर में जो मुट्ठी भर तिल पड़े हैं, उन्हीं को मैं अतिथियों को खिला देती हूं।"

ब्राह्मणी की यह बात सुनकर ब्राह्मण संतुष्ट होता है और भिक्षा मांगने के लिए घर से बाहर निकल जाता है। वहीं, ब्राह्मणी भी घर में पड़े तिल को धूप में सुखाने के लिए फैला देती है। तभी कही से एक कुत्ता आ जाता है और उन साफ तिलों पर पेशाब कर देता है, जिससे सभी तिल खराब हो जाते हैं।

तिल के खराब हो जाने पर ब्राह्मणी काफी परेशान हो जाती है और सोचती है यही तो तिल थे, जिन्हें पका कर मैं अतिथियों को खिला सकती थी। अब मैं क्या करूं? काफी देर सोचने के बाद ब्राह्मणी को एक तरीका सूझा।


उसने सोचा कि अगर वह गंदे तिलों के बदले साफ तिल देने की बात कहेगी, तो कोई भी आसानी से मान जाएगा। साथ ही किसी को भी इन तिलों के खराब होने की बात पता नहीं चलेगी। इस विचार के साथ वह उन तिलों को लेकर घर-घर घूमने लगी।

ब्राह्मणी की यह बात सुनकर एक महिला वह तिल लेने के लिए तैयार हो गई, लेकिन उस महिला का पुत्र अर्थशास्त्र पढ़ा हुआ था। उसने अपनी मां से कहा कि इन तिलों में जरूर कोई न कोई खोट होगी, वरना कौन साफ-सुथरे तिलों को गंदे तिलों के बदले देने के लिए तैयार होगा। पुत्र की यह बात सुनकर महिला ने ब्राह्मणी के तिलों को लेने से मना कर दिया।

### कहानी से सीख

हमारे पास जो भी होता है, हमें उसी में सुखी रहना चाहिए। किसी के पास ज्यादा चीज देखकर दुखी नहीं होना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# ममता बनर्जी ने ठोका INDIA गठबंधन की लीडरशिप पर दावा भाजपा बोली- राहुल गांधी पर किसी को नहीं भरोसा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने INDIA गठबंधन और राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, 'INDIA गठबंधन का कोई भी नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व पर भरोसा नहीं करता है।' उन्होंने आरोप लगाया कि INDIA गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर असमंजस की स्थिति है। उन्होंने कहा, 'कभी अखिलेश यादव कहते हैं कि वह नेता हैं, कभी ममता बनर्जी कहती हैं कि वह नेता हैं और कभी स्टालिन कहते हैं। लेकिन सभी एक स्वर में कहते हैं कि राहुल गांधी नेता नहीं हैं।'



यह बयान ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने गठबंधन के भीतर नेतृत्व की स्पष्टता पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने कहा था कि INDIA गठबंधन को एक समन्वित और सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है, जो चुनावों में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर काम कर सके। उन्होंने बंगाली समाचार चैनल न्यूज 18 बांग्ला के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''मैंने इंडिया गठबंधन का गठन किया था। अब इसे प्रबंधित करना मोर्चे का नेतृत्व करने वालों पर निर्भर है। अगर वे यह नहीं कर सकते तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।''

Bihar

## विवाह पंचमी पर निकली झांकी पर उपद्रवियों ने किया पथराव, कई लोग जख्मी; पुलिस छावनी में बदला इलाका



**पटना, (एजेंसी)** दरभंगा में नगर थाना क्षेत्र के वाजितपुर में विवाह पंचमी के मौके पर निकाली जा रही झांकी पर उपद्रवियों द्वारा पथराबाजी की गई है। देखते ही देखते कई लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार रात जब बाजितपुर से विवाह पंचमी के मौके पर झांकी निकाली जा रही थी तब धार्मिक स्थल में बैठे लोगों ने लाठी डंडे और पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ विकाश कुमार सदर सिटी एसपी डीएसपी अमित कुमार सहित भारी संख्या पहुंची पुलिस में मामले को शान्त करा लिया है। हालांकि, स्थिति तनावपूर्ण है। इलाके में भारी संख्या पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

बताया जाता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी तरौनी गांव विवाह पंचमी पर झांकी निकलकर बाजितपुर की तरफ जा रही है। इस दौरान बाजितपुर में झांकी के पहुंचने पर दोनों समुदाय के लोगों के बीच बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते पत्थरबाजी और मारपीट में तब्दील हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे सिटी एसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत करा लिया है।

इस सम्बंध में सिटी एसपी अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल इलाके में भारी संख्या में पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

New Delhi

## दिल्ली के शाहदरा में सुबह-सुबह मर्डर, मॉर्निंग वॉक पर निकले कारोबारी को मारी गोली; तड़पकर मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक कारोबारी की बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुनील जैन के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास सुनील जैन पर उस समय लगभग 7-8 राउंड गोलियां चलाई गईं, जब वह स्कूटर से घर लौट रहे थे।इसमें से 3-4 गोलियां बर्तन व्यापारी को लगीं जिससे उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, पीसीआर कॉल मिलने के बाद फर्श बाजार पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय 52 साल के कारोबारी की मौत हो गई। हमलावरों को पकड़ने और अपराध का मकसद जानने को पुलिस जांच कर रही है।

घटना को लेकर शाहदरा के डीसीपी प्रशांत गौतम ने कहा, 'पुलिस स्टेशन फर्श बाजार में गोलीबारी की घटना को लेकर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाया कि 52 साल के सुनील जैन को गोली लगी है। वह सुबह की सैर करने के बाद अपने घर वापस लौट रहे थे। बताया गया कि मोटरसाइकिल पर

Jharkhand

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी, फोन पर मांगी पर 50 लाख रुपये की रंगदारी

**रांची, (एजेंसी)** मोदी सरकार में रक्षा राज्य मंत्री और रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज हो चुकी है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ को अपराधियों द्वारा धमकी मिली है। अज्ञात गिरोह ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रक्षा राज्य मंत्री ने खुद आजतक से फोन पर बातचीत करते हुए बताया कि शुक्रवार शाम को उनके मोबाइल फोन पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का धमकी भरा मैसेज आया।

सेठ ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार शाम को ही मामले की जानकारी दिल्ली के डीसीपी को दे दी थी। डीसीपी ने उनसे मुलाकात की थी। उसके बाद



मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में जिस मोबाइल से मैसेज भेजा गया है, वह रांची के कांके का पाया गया है।

जानकारी के अनुसार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे उनके मोबाइल पर यह धमकी भरा मैसेज आया था। इस मैसेज में उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है।

खेल

### जसप्रीत बुमराह ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# एक विकेट लेते ही कपिल देव-जहीर खान के खास क्लब में शामिल

**एडिलेड, (एजेंसी) भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी एडिलेड टेस्ट के पहले दिन किया। इस कारनामे के साथ बुमराह ने कपिल देव और जहीर खान के खास क्लब में जगह बना ली।**



दाएं हाथ के गेंदबाज ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन उस्मान ख्वाजा को अपना शिकार बनाया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर 31 वर्षीय गेंदबाज ने उस्मान को अपना शिकार बनाया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह एक कैलेंडर वर्ष में 50* टेस्ट विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बन गए। इसी के साथ वह पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव और जहीर खान के खास क्लब में शामिल हो गए।

बुमराह ने इस साल खेले 11 टेस्ट मैचों में 50* विकेट चटकाए हैं। एडिलेड में जारी दूसरे टेस्ट में वह अपनी घातक गेंदबाजी से विपक्षियों की कमर तोड़ते दिखेंगे। बता दें कि, इससे पहले पर्थ टेस्ट में अनुभवी गेंदबाज ने कुल आठ विकेट चटकाए थे। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराने में कामयाबी हासिल की थी। उन्हें इस उम्दा गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। बुमराह से पहले भारत के लिए यह कारनामा कपिल देव ने किया था। उन्होंने 1979 और 1983 में क्रमशः 74 और 75 टेस्ट विकेट चटकाए। उनके बाद जहीर खान ने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक टेस्ट विकेट अपने नाम किए थे। उन्होंने 2002 में 51 विकेट हासिल किए थे। अब इस लिस्ट में बुमराह का भी नाम शामिल हो गया है।

सिनेमा

## Pushpa 2 की स्क्रीनिंग में गई महिला की जान, परिवार से मिलेंगे अल्लू अर्जुन, 25 लाख की मदद का किया ऐलान



अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2' का हल्ला हर जगह होता दिख रहा है. फिल्म को देखने के लिए थिएटर्स में फैन्स की भीड़ उमड़ी हुई नजर आ रही है. पर 4 दिसंबर को कुछ ऐसा हुआ जो शायद नहीं होना चाहिए था. दरअसल, हैदराबाद के संध्या थिएटर में अल्लू अर्जुन अचानक अपने फैन्स से मिलने पहुंच गए. उनसे मिलने की होड़ में वहां भगदड़ मच गई. इस दौरान एक महिला की जान चली गई और 9 साल का बच्चा बेहोश हो गया. दिलसुखनगर की रहने वाली रेवती (39) अपने पति और दो बच्चों, श्री तेज (9) सान्विका (7) के साथ संध्या थिएटर फिल्म देखने पहुंची थी. जैसे ही अल्लू वहां पर आए एक्टर को देखने के लिए फैन्स में हल्ला मचा. पुलिस तुरंत मां-बेटे को विद्यानगर के दुर्गा भाई देशमुख अस्पताल लेकर गई. वहां रेवती को मृत घोषित किया गया. उनके बेटे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है. उसे Begumpet के KIMS अस्पताल में ट्रांसफर किया गया है. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केस फाइल हुआ है, जिसमें आरोपी अल्लू अर्जुन को ठहराया गया है. साथ ही संध्या थिएटर के मैनेजमेंट पर भी केस दर्ज हुआ है. अब अल्लू अर्जुन ने एक वीडियो जारी कर परिवार को अपना सपोर्ट दिया है. अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सामने आया है.

## Highlights

1. **Businessman out on morning walk shot dead in Delhi after 2 bike-borne men fire 7-8 rounds**
2. 
3. **Centre not in mood to talk: Farmer leader Sarwan Singh Pandher**
4. **No guidelines issued to states to bring uniform civil code: Centre**
5. **Video shows teacher hitting kneeling student with belt, Andhra minister replies**
6. **5 killed, one injured after car plunges into lake in Telangana**
7. **Invisible hand of ruling party: Owaisi on petitions claiming temples lie beneath mosques**

# NHA introduces performance rating system for road building firms



**NEW DElHI, (Agency).** Private contractors engaged in building and maintaining national highways across India will be subjected to a performance-based rating system to enhance accountability and improve quality ensuring smoother and safer travel, the National Highway Authority of India (NHAI) said in a statement on Friday. Based on their score, the contractors will be classified into different categories ranging from "excellent" to "failed".

Contractors scoring less than 70 out of 100 will be declared 'non-performers' and, will be ineligible to secure new national highway projects till they improve their score.

NHAI said this rating would be updated every six months at two levels: an individual project level and a concessionaire level. It will be made available on the NHAI website and social media platforms.

"The assessment methodology will be based on pavement condition index (PCI) as well as defect rectification compliance on NHAI One App where over 95 defects can be notified and monitored digitally," the statement said. It added that 80% weightage would be given to PCI and 20% to compliance on NHAI One App. The pavement condition index, a metric in the road construction industry, will be calculated based on six functional parameters -- roughness, potholes, cracking, ravelling, rut depth and patchwork — which would be calculated using various technological solutions such as laser crack measurement systems in network survey vehicles.

# How a $500 billion haul has reignited passive controversy on the Wall Street

**NEW DElHI, (Agency).** The passive-investing juggernaut is picking up speed — and it's stirring up fresh angst about the dangers posed by the index-tracking boom across Wall Street.


With almost a month still to go in 2024, index funds have raked in some $500 billion in fresh cash, while their active counterparts are set for outflows. In recent weeks, that growing dominance prompted outcry from active




manager behemoths Apollo Global Management and Citadel, who have blamed the surge in index-following cash for derailing the crucial role of stock pickers as drivers of market efficiency, among other charges.

But two of Wall Street's largest banks have mounted a fresh defense of the allocation frenzy, which has seen US-listed passive ETFs grab a record $105 billion in the last month alone.

Contrary to popular claims that the price-agnostic money is fueling market distortions by blithely lavishing capital just to the largest companies, a Goldman Sachs Group Inc. study showed the role of fundamentals, like the stability of corporate earnings, remains an all-powerful driver for stock valuations.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक